नाहर पब्लिक स्कूल सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी
शैक्षणिक वर्ष – २०२२ – २३
आवधिक परीक्षा – 4

कक्षा – viii
विषय – हिंदी दिनांक- 19.12.2022
अध्यापिका – श्रीमती अल्मास अंक – 80

---

1. गद्यांश को पड़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये –5

. कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियाँ द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।
उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

प्रश्न

(क) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है**?**
(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है। (ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।
(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है। (iv) समय बड़ा ही बलवान है।
(ख) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है**?**
(i) खेत में पौधे नहीं उगते। (ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।
(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है। (iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।
(ग) चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। इस पदबंध का प्रकार होगा
(i) संज्ञा (ii) सर्वनाम (iii) क्रिया (iv) क्रियाविशेषण
(घ) बादल का बरसना व्यर्थ है**,** यदि
(i) गरमी शांत न हो। (ii) फ़सल को लाभ न पहुँचे
(iii) किसान प्रसन्न न हो (iv) नदी-तालाब न भर जाएँ
(ङ) गद्यांश का मुख्य भाव क्या है**?**
(i) बादल का बरसना (ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना
(iii) किसान का पछतावा करना (iv) समय का सदुपयोग

2.पद्यांश को पड़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये – 5

रेशम जैसी हँसती खिलती, नभ से आई एक किरण
फूल-फूल को मीठी, मीठी, खुशियाँ लाई एक किरण
पड़ी ओस की कुछ बूंदें, झिलमिल-झिलमिल पत्तों पर
उनमें जाकर दिया जलाकर, ज्यों मुसकाई एक किरण
लाल-लाल थाली-सा सूरज, उठकर आया पूरब में
फिर सोने के तारों जैसी, नभ में छाई एक किरण

प्रश्न

(क) कवि ने किरण के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया है**?**
(i) रेशम जैसी (ii) हँसती खिलती (iii) सोने के तारों जैसी (iv) उपर्युक्त सभी
(ख) किरण फूलों के लिए क्या खुशियाँ लेकर आई**?**
(i) सुंदरता (ii) सुगंध (iii) मीठी-मीठी खुशियाँ (iv) विभिन्न रंग
(ग) ओस की बूंदों ने पत्तों पर क्या किया**?**
(i) उन्हें चमका दिया (ii) उन पर एक दिया-सा जला दिया
(iii) उन्हें नहला दिया (iv) उन्हें चमका दिया
(घ) सूरज की विशेषता है
(i) वह गोल-गोल है। (ii) वह गोल-गोल तथा लाल-लाल है।
(iii) वह लाल-लाल थाली जैसा है। (iv) वह लाल-लाल गेंद जैसा है।

3 .शब्दार्थ लिखिए – 3
तिल्ली, अंग्रेजीदा, हारिल,उषा,अनुशासन

4.निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञाये बनाईये – 2
मनुष्य, मानव, व्यक्ति, इन्सान

5.प्रत्येक के लिए तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए – 5
नभ- , अग्नि,- , पथ –, जगत- , प्रात: काल

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए – 3
असंतोष, विजय, आसानी ,अनजान ,प्रत्यक्ष, सरलता

7.निम्नलिखित शब्दों में अनुस्वार अथवा अनुनासिक लगाईये – 3
टहनिया, आनद, बदूक, धाधली, तुरत, डाकबगला

8.निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए – 4
(भाग्यशाली, ओजस्वी, पारदर्शी, स्वाभिमान)
अपने ऊपर अभिमान करनेवाला –
जिसके आर-पार दिखाई देता हो –
जोश से भरा हुआ –
अच्छे भाग्य के कारन –

9.निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 4
यह वह कहानी है उसको तुमने सुनाया था ।
तुम्हारे से कोई काम ठीक नहीं कर सकते।
उन्हों की माता जी भजन कर रही है।
यह सुनकर उसने बहुत आश्चर्य हुआ।

10.निम्नलिखित वाक्यों करक छाँटकर उनका नाम लिखिए – 3
(संबोधनकारक, कर्ता कारक, कर्म कारक, अधिकरण कारक, सम्प्रदान कारक, कारन कारक)
बच्चे गेंद से खल रहे हैं।
नर्स रोगी को दवा देती है।
बन्दर पेड़ पर कूद रहे हैं।
बेकार सामान को घर से बाहर निकाल दो।
तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की।
बच्चो! कल से आपकी परीक्षाएँ आरम्भ हो रही है।

11.रिक्त स्थानों की पूर्ति परसर्ग लिखकर पुरे कीजिये – 4
भारत_____ युद्ध_____ शत्रुओं को हरा दिया।
हनुमान लक्षमण _____ संजीवनी बूटी लाये।
यह काम तो केवल वीरों _____ ही किया जा सकता है।
बिल्ली_____ चूहे_____ पकड़ लिया।
सपेरे ने सांप _____ डिब्बे_____ बंद कर दिया।

12.निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए – 3
रीति, बेटा, छात्रा, मछली, बकरा, झील

13.निम्नलिखित स्त्रीलिंग शब्दों के पुल्लिंग रूप लिखिए – 3
बिल्ली, रूपवती, वधु, मालकिन, वीरांगना, आज्ञाकारिणी

14. लघु प्रश्नों के उतर दीजिये – 8
क.सब लड़के गया का दौड़कर क्यों स्वागत करते थे ?
ख.पतंग उड़ाने वाले ख़राब माँझे को अलग कर देते है। वाक्य से लेखक क्या शिक्षा दे रहा है ?
ग.चणनाने अपनी झोपडी में लेखिका का स्वागत कैसे किया ?
घ.बड़े हो जाने के बाद लेखक से हार जाने का गया ने क्या कारण बताया ?

15. दीर्घ प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 6
क. लेखक बचपन की किन मीठी स्मृतियों को याद कर रहा है ?
ख.अनुशासन के बारे में लेखक का क्या विचार है ?

16.महानगर टेलीफोन निगम के क्षत्रीय प्रबंधक को टेलेफोन ख़राब होने की शिकायत करते हुए पत्र लिखिए – 5
17.ग्राहक और दुकानदार के बीच संवाद लिखिए – 5

18.यल ई डी टीवी उत्पादक कंपनी की ओर से अपने उत्पाद के लिए 20-25 शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिये। 5
19 दिए गए चित्र का वर्णन कीजिये – 4

